खबर संक्षेप

## 4 बूथ अध्यक्ष निर्वाचित



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी है। संगठन के चुनाव अधिकारी बूथ स्तर पर समिति के चयन कार्य के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुट चुके हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को शहर के रमैया वार्ड और इंदिरा वार्ड के बूथ समिति का चयन किया गया। चुनाव अधिकारी संग्राम सिंह राणा और सहयोगी श्रीपाल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि रमैया वार्ड और इंदिरा वार्ड के बूथ नंबर 112 में कुणाल सूर्यवंशी, 111 नंबर बूथ में आनंद झा, 109 नंबर बूथ में जयसिंह और 110 बूथ नंबर पर सुनील दंडवानी सहित कुल 4 बूथ अध्यक्षों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस दौरान जगदलपुर मंडल चुनाव अधिकारी के रूप में बैदूराम कश्यप, योगेन्द्र पांडे, वेदप्रकाश पांडे, रजनीश पाणिग्राही, नरसिंह राव, बी. जयराम, शैलेन्द्र भदौरिया, मनोहर दत्त तिवारी, मनोज झा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निगम के हड़ताली कर्मी महापौर से मिले



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने गुरुवार दोपहर 3 बजे महापौर सफीरा साहू और एमआईसी सदस्यगण नरसिंग राव, योगेंद्र पांडे, यशवर्धन राव से मुलाकात की। इस मुलाकात में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को रखा और महापौर ने उन्हें आश्वस्थ किया कि उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा। निगम के जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों की मांगों को ध्यान से सुना कर्मचारी नेताओं से अपील की कि वे मूलभूत सुविधाएं को जारी रखें,जिससे कि शहर की जनता को असुविधा न हो और जनहित में तत्काल अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त करने का आग्रह किया। एमआईसी सदस्यों ने भी कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया और उन्हें हड़ताल खत्म करने के लिए कहा इस इस पर निगम कर्मचारियों ने उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## बस्तर ब्यूटी इज आवर ड्यूटी नाम से किए स्वच्छता कार्य



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के वाणिज्य अध्ययनशाला के विद्यार्थियों ने बुधवार को पर्यटन स्थल चित्रकोट में सफाई कार्य किए। अपने आसपास हर सप्ताह दो घंटे स्वच्छता अभियान चलाने के नैतिक कर्तव्य के तहत और लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के लिए विद्यार्थियों ने 'बस्तर ब्यूटी इज अवर ड्यूटी' नाम से यह स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पानी बॉटल, पॉलिथिन, रैपर ईत्यादि को पर्यटन स्थल से हटाया। विभागाध्यक्ष डॉ सुकृता तिर्की के निर्देशानुसार टीम का नेतृत्व अतिथि व्याख्याता राहुल सिंह एवं शैली पटेल ने किया।

### कारी और हेमबत्ती ने कहा- जीतने से ज्यादा बस्तर ओलंपिक स्पर्धा में सहभागिता निभाना महत्वपूर्ण

# तीरंदाजी में दूरस्थ इलाके की महिलाओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ओलंपिक में युवा वर्ग, ग्रामीणों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भी स्पर्धा में उत्साहपूर्वक भाग लिया, ग्रामीण महिलाओं ने तो पारम्परिक खेल विधा में पूरा दमखम दिखाई और पहला एवं दूसरा स्थान हासिल किया। बस्तर ओलम्पिक के जिला स्तरीय आयोजन के तीरंदाजी विधा अंतर्गत ओपन वर्ग में 50 मीटर स्पर्धा के तहत लोहण्डीगुड़ा की कारी कश्यप ने प्रथम, दरभा की हेमबत्ती कश्यप ने द्वितीय तथा बास्तानार की जगोबाई ने तृतीय स्थान हासिल कर बाजी मारी। वहीं ओपन वर्ग के 30 मीटर स्पर्धा में जगदलपुर की अंजलि कश्यप ने पहला, लोहण्डीगुड़ा की कारी कश्यप ने दूसरा और जगदलपुर की भूमिका गोयल ने तीसरा स्थान अर्जित किया। इस दौरान कारी कश्यप और हेमबत्ती कश्यप ने अपने प्रदर्शन से लबरेज होकर कहा कि स्पर्धा में जीतने से ज्यादा सहभागिता निभाना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इन दोनों ने बताया कि पढ़ाई के दौरान 2006 से 2011 तक निरन्तर तीरंदाजी विधा में हिस्सा ले रहे थे लेकिन अभी केवल घर में पारम्परिक तीर-कमान से अभ्यास करने के बावजूद बढ़िया प्रदर्शन से वे उत्साहित हैं। कारी ने संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में भी उम्दा प्रदर्शन किए जाने की बात कही।



### ग्रामीण खेलों को मिला नया मंच

बस्तर ओलंपिक में परंपरागत खेलों तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी और रस्साकशी जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर संभाग में न केवल खेल कौशल को निखारने का एक मंच बना, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने के साथ ही मुख्य धारा से जोड़ने का भी अवसर देना था। प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति गर्व के रूप में देखा। ग्रामीणों और महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और समर्थन मिलने पर ये क्षेत्र भी प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने वन मंत्री एवं विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की 6 मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम वन मंत्री केदार कश्यप एवं चित्रकोट विधायक विनायक गोयल को सौंपा। मेडिकल कॉलेज की स्थापना वर्ष 2006 में की गई जो बस्तर ही नहीं अपितु पड़ोसी राज्य के मरीज यहां अपना इलाज कराने आते हैं। यह मेडिकल कॉलेज बस्तर की सपना दादा स्वर्गीय बलिराम कश्यप बेहतर स्वास्थ्य का लाभ पहुंचे एवं विकसित बस्तर की ओर बस्तर बढ़ रहा है। ज्ञापन में मांग की कि मेडिकल कॉलेज परिसर स्वर्गीय बलिराम कश्यप नाम पर मेडिकल कॉलेज का नाम रखा जाए। मेडिकल कॉलेज परिसर में एक भव्य प्रतिमा दादा स्वर्गीय बलिराम कश्यप का स्थापित किया जाए। मेडिकल कॉलेज संबंध चिकित्सालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए 500 शासकीय आवास का निर्माण कार्य शीघ्र किया जाए। कई वर्षों से कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को क्रमोन्नति पदोन्नति का लाभ मिलना चाहिए। दैनिक वेतन दर पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियमति करण किया जाए। शासन के आदेशानुसार दैनिक वेतन दर पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को श्रमिक सम्मान निधि राशि लाभ दिया जाए। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी गुजराल शार्दूल के नेतृत्व में नीरज कश्यप, दीनानाथ कश्यप, विकू सिंह, मोहन कश्यप, संतक उसेंडी, अश्वनी ठाकुर, निर्मला ठाकुर, भीखम साहू, शंकर धर्माउर, विष्णु मौर्य आदि शामिल रहे।

## उड़नदस्ता की टीम वाहनों से हटा रहे प्रेशर हॉर्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


वाहनें बेखौफ ध्वनी प्रदूषण कर रहे हैं, इस पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम मुख्यालय के निर्देश पर संभागीय मुख्यालय रायपुर, किरंदुल, कोंटा, बीजापुर एवं ओडिशा रोड में वाहनों की जांच के दौरान प्रेशर हॉर्न हटा रहे हैं। हालांकि एक माह पूर्व टीम ने 617 वाहनों से प्रेशर हॉर्न हटाकर 9 लाख 99 हजार 600 रूपए रूपए का जुर्माना किया। उसके बाद भी वाहन चालक वाहन में प्रेशर हॉर्न लगाकर ध्वनी प्रदूषण कर रहे हैं। टीम ने वाहन चालकों को बताया कि अब तक दूसरी बार वाहन में प्रेशर हॉर्न लगने पर वाहन का पंजीयन निलंबित किया जाएगा। इसके अलावा नो-पार्किंग में सड़क किनारे खड़ी एवं ओव्हरलोड वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

### उल्लंघन पर कार्रवाई

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि ध्वनी प्रदूषण एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों में कार्रवाई की जा रही है।

## कार्यशाला में गिद्ध संरक्षण के लिए बनाए वल्चर रेस्टोरेंट को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




वन विभाग द्वारा गिद्ध संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें शोधकर्ता, छात्र और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एकत्रित हुए, जहां गिद्ध संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। कार्यशाला में बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और बर्ड काउंट इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के विशेषज्ञों ने अपने प्रस्तुतीकरण दिए। इन प्रस्तुतियों में गिद्धों की वर्तमान स्थिति, उनकी संख्या में गिरावट के कारण और उनके लिए सकारात्मक वातावरण बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। गिद्धों के आवास और उनकी गतिविधियों को समझने के लिए एक निगरानी प्रणाली विकसित की जाएगी और उनका जियोटैगिंग किया जाएगा। कार्यशाला में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें आरके सिंह (सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक), अरुण कुमार (सहायक प्रधान मुख्य वन संरक्षक, योजना एवं विकास), श्रीमती सातोविषा समझदार (सीसीएफ वाइल्डलाइफ एवं फील्ड डायरेक्टर, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व), यूआर गणेश (उप निदेशक, अचानकमार टाइगर रिजर्व), संदीप बालगा (उप निदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व) और शशि कुमार (डीएफओ कवर्धा) प्रमुख रूप से शामिल रहे।

पैनल में डॉ. विभू प्रकाश (स्वतंत्र शोधकर्ता), डॉ. सुरेश कुमार (वैज्ञानिक-वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया), क्रिस्टोफर बाउडेन (प्रोग्राम मैनेजर), डॉ. काजवीन उमरीगर (समन्वयक), शेखर कोलिपाका और दिलशेर खान (सलाहकार मध्य प्रदेश वन विभाग) ने अपने अनुभव साझा किए और गिद्ध संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। शोधकताअरं और छात्रों ने गिद्ध संरक्षण के महत्व और उससे संबंधित चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम ने न केवल गिद्ध संरक्षण के प्रयासों को प्रोत्साहन दिया, बल्कि सभी प्रतिभागियों को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित भी किया।

# बिना डर के थाना पहुंचे और दें आपराधिक तत्वों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

थाना जनता की सुरक्षा के लिए है इसलिए बिना झिझक व डर के थाना पहुंचे और सहयोग करते हुए

- जनता से आपसी सहयोग व विश्वास बढ़ाने परपा थाना में बैठक

अपराधिक तत्वों की जानकारी दें ताकि अपराध रोकने व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। यह कहना था परपा पुलिस को जो उन्होंने बुधवार को थाना परिसर में आयोजित पुलिस व जनता के बीच समन्वय के लिए आयोजित बैठक में क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक पंचायतों के सरपंचों को सम्बोधित करते हुए सहयोग की अपील की।



ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अपराध की रोकथाम के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग व डीएसपी नसीर बाठी के मार्गदर्शन में पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल और संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी भोलासिंह राजपूत की अध्यक्षता में सरपंचों एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी ने बताया की बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच संवादहीनता को समाप्त कर परस्पर विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देना था। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित होने से न केवल अपराधों में कमी लाई जा सकती है बल्कि असामाजिक गतिविधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है।

ग्रामीणों को बताया गया कि कई बार उनके पास अपराध या संदिग्ध गतिविधियों की महत्वपूर्ण सूचना होती है लेकिन थाना आने में झिझक या डर के कारण वे यह जानकारी साझा नहीं कर पाते और जिसका सीधा लाभ असामाजिक तत्वों को मिलता है जिससे अपराधों में बढ़ोतरी होती है। बैठक में परपा थाना क्षेत्र के 97 गांव के जनप्रतिनिधि व ग्राम प्रमुख शामिल हुए।

ग्रामीणों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे गांव स्तर पर नियमित बैठक आयोजित करें और यदि कोई महत्वपूर्ण जानकारी हो तो उसे सरपंच, कोटवार, या अन्य माध्यम से पुलिस तक पहुंचाएं। पुलिस और जनता के बीच इस संवाद और सहयोग का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं है बल्कि एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करना है जिसके लिए बस्तर पुलिस इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

## राष्ट्रहित को ध्यान में रखते जन-जन जागरण एक घण्टा राष्ट्र के नाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व हिन्दु समाज के द्वारा राष्ट्र हित को ध्येय में रखते हुए जन-जन में जागरण निमित्त एक घण्टा राष्ट्र के नाम अभियान संबंधी चिंतन-मनन की प्रक्रिया लगातार जारी है। धर्मांतरण जैसे विचारों को लेकर मतभेद के मध्य लोक चेतना को जागृत करने संबंधी नवाचार के साथ 'एक घंटा राष्ट्र के नाम' अभियान को विस्तार देते हुए वार्ड स्तर पर बैठक की तैयारी को लेकर आज अभियान के सदस्यों ने गंगानगर वार्ड में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान आमजन में एक घण्टा राष्ट्र के नाम अभियान को लेकर भारी उत्साह दिखा एवं वार्डवासी स्वयं ही अभियान से जुड़ने के लिये सहर्ष संकल्पित हुए। इस दौरान हरिशंकर झा, सुनील दास, आरती दुआ, सुभाष राय, कपिल, प्रीतम बघेल, तारा गुप्ता, संतोष कोंडे, आशा साहू, माखन यादव, पी. सुरेश, मालती यादव, किरण राजपूत, बबलू गुप्ता, किशन, निलेश कोंडे, अंशु गुप्ता, सुदर्शन ठाकुर सहित अभियान के सदस्य एवं भारी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और वार्डवासी मौजूद रहे।

### अभियान का विस्तार

समन्वयक एल. ईश्वर राव ने बताया कि आज अभियान के सदस्यों ने गंगानगर वार्ड के विश्वकर्मा मंदिर से जनसंपर्क की शुरूआत कर तिरंगा चौक, भैरमगुड़ी, पंप हाउस चौक से होते हुए शीतला होटल तक सघन संपर्क स्थापित करते हुए राष्ट्रहित में एक घंटे का समय निकाल कर आमजन को जनजागृति लाने के लिए प्रेरित किया। वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक अभियान में सम्मिलित होकर राष्ट्रहित में एक साथ बैठकर चिंतन मनन करने संकल्प लिया।

## सत्य साईं बाबा जन्मोत्सव पर महा भंडारा आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगवान श्री सत्य साईं बाबा का 99 वें जन्मोत्सव समारोह 23 नवंबर तक संपूर्ण विश्व में साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। शहर के मोती तालाब पर स्थित श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा शनिवार को मंदिर में प्रातः 5.30 पर ओमकाराम, सुप्रभातम किया जाएगा। तत्पश्चात मंदिर से नगर संकीर्तन निकल जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर में संपन्न होगा। उसके बाद मंदिर में ध्वजारोहण कर आरती का कार्यक्रम किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 11.30 से दोपहर 3 बजे तक महानारायण सेवा भंडारा का आयोजन मोती तालाब पारा स्थित जैन वाटिका में होगी। संध्या का कार्यक्रम संध्या 6 बजे से संध्या 6.30 तक वेद पाठ संध्या 7 बजे तक सामूहिक भजन संध्या, 7 बजे से संध्या 7.20 तक से साइन बाबा का संदेश एवं वीडियो शो संध्या 7.20 से रात्रि 8.25 बजे तक बाल विकास बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया जाएगा।

# संजय गांधी व दलपत सागर वार्ड के नलों से आ रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के संजय गांधी वार्ड एवं दलपत सागर वार्ड के वासीवार्ड में नलों से आ रहे पीने की गन्दे पानी की शिकायत को लेकर गुरुवार को

- कांग्रेस पार्षद के नेतृत्व में वार्डवासी आयुक्त से की शिकायत

नगर निगम आयुक्त कार्यालय पहुंचे। पार्षद कोमल सेना ने बताया कि वार्ड में विगत 3 दिनों से नलों एवं बोर से गंदा पानी आ रहा है। लोग इस पानी को पीना तो क्या दैनिक उपयोग भी नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से इस वार्ड के लोग काफी परेशान है, जिसे लेकर समस्या का



समाधान के लिए नगर निगम के विगत तीन दिनों से चक्कर काट रही हूं, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है। इस वजह से आज वार्डवासियों को लेकर नगर निगम कार्यालय आयुक्त से शिकायत करने पहुंचे। परंतु आज भी निगम आयुक्त से मुलाकात नहीं हुई,वे ऑफीस छोड़ कर किसी कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में व्यस्त थे और हमें बैरंग वापस लौटना पड़ा। वहीं दलपत सागर वार्डवासी भी नलों में कम आ रहे पीने के पानी की समस्या को लेकर विगत कुछ माह से जूझ रहे हैं, जिसकी शिकायत लेकर नगर निगम आयुक्त के पास पहुंचे थे, जहां वार्ड पार्षद नरसिंह राव ने व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।













पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124